PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

14-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**14th November 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स – 14 नवंबर 2019

## 1. ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री ने रूस, ब्राजील और चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात की

- 11 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री ने रूस, ब्राजील और चीन के राष्ट्रपति से अलग से मुलाकात की।
- उन्होनें ब्राजील के **राष्ट्रपति जायर बोल्सनारों** को गणतंत्र दिवस 2020 पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।
- साथ ही **भारतीय नागरिकों की ब्राजील में वीजा मुक्त यात्रा** के फैसले का भी स्वागत किया।
- भारत और रूस के मध्य पेट्रोलियम, ढ़ाचांगत विकास और असैन्य परमाणु ऊर्जा जैसे विषयों पर द्विपक्षीय सहयोग के लिए सहमति बनी।
- साथ ही भारतीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन के अगले वर्ष रूस के विजय दिवस में हिस्सा लेने के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।
- इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री ने चीन के राष्ट्रपति से भी मुलाकात की और दोनो देशों के मध्य सम्पन्न हुए राजनयिक संबधों के 70 वर्षो के लिए बधाई भी दी। श्री चिनफिंग ने भारत के प्रधानमंत्री को **2020 में चीन में होने वाली भारत और चीन की तीसरी शिखर वार्ता** के लिए आमंत्रित किया।
- इस सम्मेलन का आयोजन 13 नवंबर 2019 से ब्राजीलिया, ब्राजील में किया जा रहा है।
- इस वर्ष इसकी थीम है–***'अभिनव भविष्य के लिए आर्थिक विकास'।***
- ब्रिक्स पाँच सदस्य देशों यथा– **ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका** का एक आर्थिक, राजनीतिक और क्षेत्रीय सहयोग संगठन है।

## 2. भारत के प्रधान न्यायाधीश का कार्यालय आर. टी. आई (RTI) के दायरे में

- हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में यह व्यवस्था दी है कि **भारत के प्रधान न्यायाधीश का कार्यालय आर. टी. आई(RTI) अर्थात् सूचना के अधिकार अधिनियम के दायरे में आता है।**

- परंतु किसी भी सूचना को लोक हित में जारी करते समय न्यायिक स्वतंत्रता का ध्यान रखना भी आवश्यक है।
- भारत के **मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता** में गठित पाँच सदस्यीय बैंच के द्वारा यह फैसला सुनाया गया है।
- उन्होनें यह फैसला दिल्ली उच्च न्यायालय के 2010 के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज करते हुए सुनाया है।

## 3. 39वाँ अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला

- भारत का 39वाँ अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला आज से **नई दिल्ली** के प्रगति मैदान में शुरू होगा।
- इस वर्ष इसका विषय है–***'व्यापार में सुगमता'***।
- **केन्द्रीय सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी** नें मेले का उद्घाटन किया।
- 39 वें अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले में **अफगानिस्तान** 'सहयोगी देश' की भूमिका निभा रहा है।
- इस मेले में **दक्षिण कोरिया 'फोकस** देश' है जबकि **बिहार और झारखण्ड** 'फोकस राज्य' हैं।

## 4. मेघालय उच्च न्यायालय के नये मुख्य न्यायाधीश बने मोहम्मद रफीक

- जस्टिस मोहम्मद रफीक ने मेघालय उच्च न्यायालय के नये मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की।
- मेघालय के राज्यपाल **तथागत राय** के द्वारा उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी।
- वे मेघालय उच्च न्यायालय के **आठवें** मुख्य न्यायाधीश होगें।
- मोहम्मद रफीक, अजय कुमार मित्तल का स्थान लेगें।
- वे राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं।

## 5. ब्रिक्स युवा अन्वेषक पुरस्कार

- भारत के **रवि प्रकाश को ब्रिक्स युवा अन्वेषक पुरस्कार** प्रदान किया गया है।
- उन्हें यह पुरस्कार छोटे और सीमांत किसानों के लिए **दूध ठंडा करने की स्वदेश में निर्मित किफायती इकाई** के अविष्कार के लिए दिया गया है।
- इस पुरस्कार में **25 हजार डॉलर की नगद राशि** प्रदान की जाती है।
- रवि प्रकाश राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, बैंग्लुरू में पीएचडी के छात्र हैं।

## 6. ग्रामीण और कृषि वित्त पर 6 वाँ विश्व कांग्रेस (WCRAF)

- **ग्रामीण और कृषि वित्त पर 6 वाँ विश्व कांग्रेस का आयोजन नई दिल्ली में** किया गया।
- इस विश्व कांग्रेस का उद्देश्य संपूर्ण विश्व के ग्रामीण और कृषि वित्त हितधारकों को एक साथ लाना है।
- यह कांग्रेस व्यापारिक संबधों को मजबूत करने और वस्तु और सेवाओं कों बढ़ावा देने का भी एक अवसर है।
- ग्रामीण और कृषि वित्त पर 5 वाँ विश्व कांग्रेस **डकार, सेनेगल** में हुआ था।
- जबकि पहला ग्रामीण और कृषि वित्त विश्व कांग्रेस **आदिस अबाबा, इथोपिया में 2005 में** आयोजित किया गया था।

## 7. पेरिस शांति फॉरम

- पेरिस शांति फॉरम के **दूसरे संस्करण का आयोजन 11 से 13 नवंबर 2019 के मध्य पेरिस में किया गया।**
- पेरिस शांति फॉरम का पहला संस्करण नवंबर 2018 में आयोजित किया गया था।
- पेरिस शांति फॉरम का उद्देश्य एक शांतिपूर्ण दुनिया के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा शुरू किये गये बहुपक्षवाद और सामुहिक कार्यवाई के महत्व को आगे बढ़ाना है।

- दूसरा फॉरम भी इन्हीं प्राथमिकताओं पर कार्य करेगा।

## 8. शंघाई शिखर सहयोग संगठन (SCO) के प्रमुखों का सम्मेलन 2020 में भारत में

- शंघाई शिखर सहयोग संगठन के राष्ट्रप्रमुखों की 19 वीं परिषद का आयोजन 2020 में भारत में होगा।
- भारत पहली बार इस परिषद को आयोजित कर रहा है।
- शंघाई शिखर सहयोग संगठन के राष्ट्रप्रमुखों की 18 वीं परिषद का आयोजन **2019 में ताशकंद** में किया गया था।
- शंघाई शिखर सहयोग संगठन की **स्थापना 2001** में की गई थी।
- इसमें **चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान** आठ सदस्य देश हैं।

## 9. आईओए (IOA) की सीजीएफ (CGF) अधिकारियों से मीटिंग आज

- भारतीय ओलंपिक संघ आज कॉमनवेल्थ खेल फेडरेशन के अधिकारियों से नई दिल्ली में मुलाकात करेगा।
- इस बैठक का उद्देश्य 2022 में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ खेलों में रोस्टर पर शूटिंग को वापिस लाने के लिए विचार करना है।
- इस खेल को स्थानीय समिति द्वारा पूर्व में उठाये गये लॉजिस्टिक मुद्दों के कारण छोड़ दिया गया था।

## 10. आई सी सी (ICC) रैंकिंग में विराट कोहली और बुमारह सर्वोच्च स्थान पर

- अंतराष्ट्रीय मैचों की ताजा आई सी सी रैंकिंग में बल्लेबाजी में **विराट कोहली** और गेंदबाजी में **जसप्रीत बुमारह** सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ है।
- जबकि दूसरे स्थान पर बल्लेबाजी में भारत के **रोहित शर्मा** और गेंदबाजी में न्यूजीलैंड के गेंदबाज **ट्रेंट बोल्ट** हैं।

- जबकि आई सी सी रैकिंग में ऑलराउंडर की शीर्ष 10 की सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय **हार्दिक पांड्या** हैं।

## समसामयिक प्रश्नोत्तर

1. निम्नलिखित में से किस देश के राष्ट्राध्यक्ष भारत के गणतंत्र दिवस 2020 में मुख्य अतिथि होगें?

a. ब्राजील के राष्ट्रपति

b. चीन के राष्ट्रपति

c. रूस के राष्ट्रपति

d. दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति

उत्तर– a

2. 39 वें अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले में सहयोगी देश कौन सा है?

a. दक्षिण कोरिया

b. अफगानिस्तान

c. चीन

d. वियतनाम

उत्तर– b

3. निम्नलिखित में से कौन सा देश शंघाई सहयोग संगठन का सदस्य देश नहीं है?

a. कजाकिस्तान

b. किर्गिस्तान

c. उज्बेकिस्तान

d. तुर्कमेनिस्तान

उत्तर– d

4. 2020 में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किस शहर में किया जाएगा?

a. मेनचेस्टर

b. न्यू कैसल

c. बर्मिंघम

d. पोर्ट्समाउथ

उत्तर– c

5. आई सी सी रैकिंग में ऑलराउंडर की शीर्ष 10 की सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय कौन हैं?

a. विराट कोहली

b. हार्दिक पांड्या

c. रोहित शर्मा

d. जसप्रीत बुमराह

उत्तर– b

Read Daily Current Affairs 13 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 13 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 14 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile

